पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने किया राजभवन में नवनिर्मित 'स्केटिंग रिंग' का उद्घाटन

छोटे–छोटे बच्चों के चेहरे पर झलकती खुशी ही आज के अवसर की उपलब्धि

शहर के पार्कों में भी 'स्केटिंग रिंग' की स्थापना की जानी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इस खेल का लाभ मिल सके

विश्वविद्यालय भी करें 'स्केटिंग रिंग' की स्थापना, ताकि विश्वविद्यालय के आसपास के बच्चों को भी स्केटिंग सीखने का अवसर प्राप्त हो सके

लखनऊ : 17 फरवरी, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के करकमलों से आज राजभवन में 'स्केटिंग रिंग' का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'स्केटिंग कला' का अवलोकन भी किया।

समारोह में राज्यपाल जी ने अपने संबोधन में कहा कि राजभवन परिसर में कूड़ा डंपिंग प्लेस का सौंदर्यीकरण करके इसे एक खूबसूरत 'स्केटिंग रिंग' में बदला गया है, जो बच्चों के लिए एक नई उम्मीद और अवसर लेकर आया है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रयासों से बच्चों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा, क्योंकि यह उन्हें नए स्किल्स और आत्मविश्वास की ओर अग्रसर करेगा। उन्होंने कहा कि छोटे–छोटे बच्चों के चेहरे पर झलकती खुशी ही आज के अवसर की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह रिंग केवल राजभवन के बच्चों के लिए ही नहीं है, बल्कि विभिन्न स्कूलों के बच्चों के लिए भी उपलब्ध होगी।

राज्यपाल जी ने कहा कि शहर के पार्कों में भी स्केटिंग रिंग की स्थापना की जानी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इस खेल का लाभ मिल सके। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों के परिसर में भी स्केटिंग रिंग की स्थापना करने की बात की, ताकि विश्वविद्यालय के आसपास के बच्चों को भी स्केटिंग सीखने का मौका मिल सके। राज्यपाल जी ने लखनऊ शहर में ऐसे कम से कम 10 स्केटिंग रिंग की स्थापना का लक्ष्य रखा और कहा कि यह पहल बच्चों को शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी और उनके मानसिक और शारीरिक विकास में योगदान करेगी।

राज्यपाल जी ने कहा कि गरीब एवं सुविधाओं से वंचित बच्चों में प्रतिभाएं होती हैं लेकिन उनको मार्गदर्शन देने वाला कोई नही होता है। ऐसे बच्चों को जब उचित प्लैटफॉर्म मिलता है तो वे वैश्विक स्तर पर पहचान स्थापित करते हैं। उन्होंने खेल के क्षेत्र में ऐसे बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का उदाहरण देते हुए कहा कि इन्होंने विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने आह्वान किया कि समाज द्वारा ऐसे बच्चों हेतु सुविधाएं उपलब्ध करवाई जानी चाहिए।

राज्यपाल जी ने कहा कि एक सफाईकर्मी या मजदूर अपने बच्चों के भविष्य हेतु ऊँची सोच की कल्पना नहीं कर सकते। हमें ऐसे बच्चों के लिए आगे आना चाहिए तथा इनके उज्ज्वल भविष्य हेतु सोचना चाहिए। हमारा एक ही ध्येय होना चाहिए कि छोटे–छोटे बच्चे कैसे आगे बढ़ें। उन्होंने आज स्केटिंग रिंग की स्थापना को एक महत्वपूर्ण कदम बताया, जो बच्चों की क्षमताओं को निखारने और उन्हें बेहतर भविष्य की ओर मार्गदर्शन देने में सहायक सिद्ध होगा।

राज्यपाल जी ने सभी बच्चों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए शुभकामनाएं दीं और स्केटिंग रिंग के निर्माण में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सहयोगी संस्थाओं को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर स्केटिंग रिंग में बच्चों ने अपने प्रदर्शन से उपस्थित जनों का मन मोह लिया। राज्यपाल जी एवं उपस्थित गणमान्यों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। आज 24 बच्चों ने स्केटिंग रिंग में अपना प्रदर्शन किया, जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन से 10 बच्चे तथा 14 अन्य बच्चों ने प्रतिभाग किया। अब तक कुल 70 बच्चों का प्रशिक्षण हेतु पंजीकरण हुआ है। श्री मन्जीत सिंह के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इस अवसर पर माननीय मंत्री शहरी विकास श्री अरविंद कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्केटिंग रिंग के विचार से लेकर इसके क्रियान्वयन तक राज्यपाल जी की ही सोच का परिणाम है। उन्होंने बताया कि इस स्केटिंग रिंग के निर्माण से छोटे बच्चों की शारीरिक और मानसिक क्षमता में वृद्धि होगी, जो राज्यपाल जी की दूरदर्शिता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल जी के इस कार्य को राजभवन के इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने राज्यपाल जी की सार्वजनिक जीवन में योगदान की सराहना करते हुए गुजरात में उनके कार्यकाल का उदाहरण दिया, जब उन्होंने विभिन्न विभागों के मंत्री पदों पर रहते हुए कई महत्वपूर्ण कार्य किए।

इस अवसर पर लखनऊ की महापौर, श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने भी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए बताया कि लखनऊ में इसी प्रकार के और स्केटिंग रिंग का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खेलों पर विशेष ध्यान देने का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में खेल क्षेत्र में भारत की ख्याति राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीव्र गति से आगे बढ़ रही है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, नगर आयुक्त लखनऊ श्री इंद्रजीत सिंह, राजभवन के अधिकारी एवं कार्मिकगण, स्कूली बच्चे व अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्र :
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080